# फाड़ सीना दिखाया मजा आ गया भजन लिरिक्स

राम दरबार में छोटी सी बात पर,
फाड़ सीना दिखाया मजा आ गया,
देखकर ये नजारा चकित रह गए,
राम दर्शन कराया मजा आ गया,
राम दरबार में छोटी सी बात पर।bd।

तर्ज – मेरे रश्के कमर।

---

वीर एक एक कर मोती फेंकन लगे,
राम सीता की मूरत वो देखन लगे,
ना मिली उसमे मूरत सिया राम की,
हार तुमने बिखराया मजा आ गया,
राम दरबार में छोटी सी बात पर।bd।

---

बात चुभ सी गई जो विभीषण कही,
वीर बजरंगी से ना सही वो गई,
राम का नाम ले सीना चीर दिया,
साथ सीता का पाया मजा आ गया,
राम दरबार में छोटी सी बात पर।bd।

---

सारी दुनिया में ना भक्त ऐसा हुआ,
राम की धुन में हनुमान मस्त हुआ,
देखि भक्ति ना ऐसी ये 'राहुल' कहीं,
'गिरी' सर को झुकाया मजा आ गया,
**Bhajan Diary Lyrics,**
राम दरबार में छोटी सी बात पर।bd।

---

राम दरबार में छोटी सी बात पर,
फाड़ सीना दिखाया मजा आ गया,
देखकर ये नजारा चकित रह गए,
राम दर्शन कराया मजा आ गया,
राम दरबार में छोटी सी बात पर।bd।

**Singer – Sanjay Giri**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com